प्रादेशिक समाचार
06.05.2025 (दोपहर–1455 बजे)

केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन ने कल होने वाली नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के जरिये बैठक की।

केन्द्र ने कल नागरिक सुरक्षा संबंधी तैयारियों का मूल्यांकन करने के लिए राज्यों् और केन्द्र शासित प्रदेशों को मॉक ड्रिल करने को कहा था। गृह मंत्रालय ने देश के 244 वर्गीकृत जिलों में नागरिक सुरक्षा अभ्यास और पूर्वाभ्यास आयोजित करने का निर्णय लिया। यह अभ्यास ग्रामीण स्तर तक किये जाने की योजना है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि नागरिक सुरक्षा अभ्याास का उद्देश्य परिचालन की प्रभावकारिता और विभिन्न नागरिक सुरक्षा उपायों के समन्वयक का मूल्यांाकन करना है।

*******************

जमशेदपुर में प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली पर हमला बोला और उसे राजनीतिक ढकोसला करार दिया। उन्होंने कहा कि दशकों तक संविधान का उल्लंघन करने वाली कांग्रेस अब संविधान बचाने की बात कर रही है, जो हास्यास्पद है। रघुवर दास ने दावा किया कि जनता अब कांग्रेस की असलियत समझ चुकी है और देश कांग्रेस मुक्त की दिशा में बढ़ रहा है।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट ने देवघर एम्स में बन रहे बर्न वार्ड की जानकारी मांगी है। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने एम्स प्रबंधन से पूछा है कि यह वार्ड कब तक ऑपरेशनल होगा, मामले की अगली सुनवाई अगस्त में तय की गई है। यह मामला 2022 में नाबालिग को जलाए जाने की घटना से जुड़ा है।

*******************

गिरिडीह में आज 339 चौकीदारों को नियुक्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार, जमुआ विधायक मंजू कुमारी और अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे। इस मौके पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने चौकीदारों की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकारते हुए कहा कि वे सरकार के योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

*******************

मौसम विभाग ने आज राज्य के दक्षिणी भागों में कहीं–कहीं गर्जन और तेज़ हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई है। इसके साथ ही हवा की गति 30 से 40 किलो मीटर प्रति घंटा रहने का अनुमान है। अगले 5 दिनों में राज्य के अधिकतर हिस्सों में अधिकतम तापमान में 4 से 5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

*******************

आईपीएल टी 20 में आज मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस का सामना गुजरात टाइटंस से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

********समाप्त***********